कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर,

जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

NAAC GRADE-B | College Code-3501

Ph. No. 07775-266657 E.mail-pri.gdc.surajpur@gmail.com/ pri-rmpgsurajpur.cg@gov.in

Web.-www.govtcollegesurajpur.ac.in

पत्र क्रमांक 52 / स्था. / 2022. सूरजपुर,दिनांक 18 / 04 / 2022.

प्रति,

जनसम्पर्क अधिकारी,
जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

विषय :– आवश्यक सूचना प्रकाशित कराने बावत्।

—00—

विषयान्तर्गत लेख है कि इस महाविद्यालय से सम्बंधित आवश्यक सूचना को सूरजपुर जिले में प्रसारित होने वाले दैनिक समाचार पत्रों में छात्रहित में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

S.S. Agrawal

(डॉ. एस. एस. अग्रवाल)
प्राचार्य
शासकीय रे.र.मि. स्नातकोत्तर महा. सूरजपुर
जिला–सूरजपुर (छ.ग.)

तीन दिवसीय वर्कशाप एवं एक दिवसीय विशिष्ट अतिथि व्याख्यान का आयोजन

सूरजपुर– शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर के रसायनशास्त्र विभाग एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय सूरजपुर के रसायनशास्त्र विभाग के सयुक्त तत्वाधान में दिनांक 12.04.2022 से 16.04.2022 तक तीन दिवसीय वर्कशाप तथा एक दिवसीय विशिष्ट अतिथि व्याख्यान 18.04.2022 का आयोजन प्राचार्य डॉ. एस. एस. अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. ए.के. झा सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र शास. शिवनाथ विज्ञान महावि0 राजनांदगॉव उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एस. अग्रवाल के द्वारा किया गया उन्होनें कहा कि इस तरह का वर्कशाप एम.एससी, पी.एचडी. विद्यार्थी व शोध से जुड़े सभी विद्यार्थियों के लिए लाभकारी होगा। इस वर्कशाप एवं एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान में एम.एससी रसायनशास्त्र द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के 53 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला के प्रथम दिवस में ''यूवी विजिबल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर एवं रोटरी इवापोरेटर का सिद्धांत एवं प्रर्दशन किया गया। कार्यशाला के द्वितीय दिवस में फ्लेम फोटोमीटर एवं पी.एच. मीटर के बारे में बताया गया। तथा कार्यशाला के अंतिम व तीसरा दिवस में पोलेरीमीटर, कन्डक्टोमीटर, रीफ्रेक्टोमीटर, टी.एल.सी., कॉलम क्रोमेटोग्राफी एवं फ्रेक्शनल डिस्टिलेशन का सिद्धांत बताया गया एवं प्रदर्शन किया गया। एक दिवसीय विशिष्ट अतिथि व्याख्यान में भौतिकी रसायन के विविध विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों का योगदान रहा। इस वर्कशाप के सफल संचालन में संयोजक डॉ. वी.के. झा, विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र एवं डॉ. सुनिता एस. सांवरिया सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र शासकीय कन्या महाविद्यालय सूरजपुर का सराहनीय योगदान रहा।

(डॉ. एस.एस. अग्रवाल)

प्राचार्य

शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर

महाविद्यालय सूरजपुर (छ0ग0)